श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
(Central University)
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110 016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110 016

पत्र संख्या
Ref. No.

दिनाँक
Date

पत्र संख्या:(3)/(106)/LBNSU/Acad/2025/ 724

दिनांक 06.08.2025

सेवा में,
महाराज अग्रसेन नैचुरोपैथी एवं योग साधना शोध ट्रस्ट
C/o बालाजी नेचर केयर वैलनैस सेन्टर (बालाजी निरोगधाम)
पल्ला रोड, बख्तावरपुर, नई दिल्ली–110036

विषयः महाराजा अग्रसेन नैचुरोपैथी एवं योग साधना शोध ट्रस्ट द्वारा परिचालित कॉलेज परिसर के अंतर्गत बी.एन.वाई. एस 5$^{1/2}$ वर्ष पाठ्यक्रम संचालित करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपके द्वारा प्रेषित प्रपत्र दिनांक 18.07.2025, 16.06.2025 तथा ई-मेल दिनांक 21.05.2025 के आलोक में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 24.07.2025 को जारी पत्र के द्वारा 19 बिन्दुओं के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण/आख्या एवं सम्बन्धित प्रमाणपत्रों की प्रतियां कार्यालय में प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त पत्र के जवाब में आपके द्वारा दिनांक 28.07. 2025 तथा 31.07.2025 को प्रेषित पत्र तथा सम्बन्धित दस्तावेजों/प्रमाणपत्रों की प्रतियों को उपलब्ध करवाया गया तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रमाणपत्रों की समीक्षा की गई।

आपके द्वारा उक्त विषय के सम्बन्ध में प्रेषित पत्र दिनांक 31.07.2025 के साथ ट्रस्ट द्वारा सम्बन्धित महाविद्यालय ''कनक नंद किशोर कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एंड योगिक सांइसेज'' के नाम भूमि लीज पर स्थानांतरण करने के सम्बन्ध में नोटरी द्वारा प्रमाणित हलफनामे को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार किया गया।

विश्वविद्यालय को प्रेषित प्रमाणपत्रों की भौतिक पुष्टि तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा सम्बद्धता प्रदान करने हेतु निर्धारित समस्त नियमों/प्रक्रिया के अनुसार सम्बन्धित महाविद्यालय का दिनांक 02.08.2025 को विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा प्रत्यक्ष निरीक्षण एवं प्रमाणीकरण किया गया।

विश्वविद्यालय द्वारा महाराजा अग्रसेन नैचुरोपैथी एवं योग साधना शोध ट्रस्ट को शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के दौरान सम्बन्धित पाठ्यक्रम संचालित करने हेतु पूर्व में जारी सम्बद्धता प्रमाण पत्र के निरन्तर में ट्रस्ट द्वारा परिचालित ''कनक नंद किशोर कॉलेज ऑफ नैचुरोपैथी एंड यौगिक सांइसेज'' कॉलेज के अन्तर्गत बी.एन.वाई.एस 5$^{1/2}$ पाठ्यक्रम संचालित करने तथा अस्थाई सम्बद्धता संबंधी सहमति प्रदान करने हेतु स्वीकृति प्रदान की जाती है तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार माननीय कार्यपरिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में बी.एन.वाई.एस 5$^{1/2}$ वर्ष पाठ्यक्रम में नियमानुसार प्रवेश प्रक्रिया संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाती है। प्रवेश प्रक्रिया विश्वविद्यालय की देख रेख में पूर्ण की जायेगी ।

यह पत्र पूर्व में जारी किये गये संबद्धता पत्र दिनांक 14.05.2025 के निरंतरता में दिया जा रहा है। तथा पूर्व में जारी किए गए संबद्धता पत्रों में लिखे गये नियम आदि पूरी तरह से लागू रहेंगे। यह पत्र सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय

कुलसचिव (प्रभारी)